जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/2014/230 दिनांक 10/03/2014

// अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक–बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी पंचम सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर–2013 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये है।

यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम आंतरिक/बाह्य परीक्षा के अंकों के कारण रोका गया है, तब ऐसी स्थिति में महाविद्यालय के प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि ऐसे परीक्षार्थियों के आंतरिक/बाह्य परीक्षा के अंक 'महाविद्यालयीन प्रतिनिधि' भेजकर विश्वविद्यालय की अंक–तालिका (टेबुलेशन चार्ट) में अनिवार्य रूप में चढ़वाये, जिससे षष्ठ् सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरवाने की कार्यवाही दिनांक 20.03.2014 से प्रारम्भ की जा सके।

ज्ञात हो कि महाविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं का यदि सिलेबस पूर्ण नहीं हुआ है, ऐसी स्थिति में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुये महाविद्यालयों में विशेष कक्षाएँ लगायी जायें, जिससे कि सिलेबस पूर्ण किया जाकर यथा–समय परीक्षाएँ आयोजित की जा सकें।

अतः उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल के अकादमिक कैलेण्डर का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी. षष्ठ् सेमेस्टर परीक्षा जून–2014 की परीक्षाएँ दिनांक 22 अप्रैल 2014 प्रस्तावित हैं। इस बावत् विश्वविद्यालय द्वारा विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र ही घोषित कर दिया जायेगा।

आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपिः–

1. संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)